Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to connect Rajkot-Surat-Amreli-Bhavnagar-Bhuj-Vadodara and Ahmedabad with flight services under Regional Connectivity Scheme-laid.

श्री मोहनभाई कुंडारिया (राजकोट): मैं माननीय उड्यन मंत्री जी को अवगत करना चाहता हूँ कि सन २०१४ के बाद राजकोट हवाई अड्डे से उड़ान संचालन की शुरुआत हुई तब से लेकर आज तक हर रोज सभी फ्लाइट्स 80% ऑक्युपेंसी के साथ उड़ान भर रही है, चाहे वह दिल्ली-राजकोट-दिल्ली या मुंबई-राजकोट-मुंबई सेक्टर हो । राजकोट में हवाई सेवाओं को सफल समर्थन को देखते हुए, वहां के व्यापार बिरादरी के साथ-साथ पर्यटकों द्वारा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना को लागू करने की जबरदस्त मांग की जा रही है ।मुझे जानकारी मिली है कि क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत राजकोट,सूरत,अमरेली,भावनगर, भुज, वडोदरा और अहमदबाद को आपस में जोड़ने की मांग सरकार के पास लंबित है ।

यदि इन क्षेत्रों को आपस में जोड़ा जाता है तो वे न केवल क्षेत्र के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देंगे बल्कि यह कनेक्टिंग हवाई अड्डों तक पहुंचने के लिए फीडर सेवाओं के रूप में भी कार्य करेगा|

मैं केंद्र सरकार से उपर्युक्त क्षेत्रों पर सेवाओं को सर्वाधिक प्राथमिकता पर शुरू करने गुजरात की जनता की मांग करता हूँ ।